Regarding flyover on Kundli- Manesar- Palwal Expressway

श्री योगेन्द्र चांदोलिया **(उत्तर-पश्चिम दिल्ली) :** महोदय, मैं आज दिल्ली के विषय पर माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं, जिससे दिल्ली के लोगों को बहुत लाभ होगा । उत्तर-पश्चिम दिल्ली के रोहिणी हेलीपेड से लेकर कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे रोड को जोड़ने से दिल्ली में रह रहे बहुत सारे लोगों को इसका लाभ होगा और उनको आवागमन में बहुत आसानी होगी । कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे दिल्ली के बाहर से जाता है और कुंडली, मानेसर व पलवल को आपस में जोड़ता है । परंतु, कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे से रोहिणी हेलीपेड की कनेक्टिविटी न होने से लोगों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । लोगों को बहुत दूर से कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे पर चढ़ना पड़ता है ।

माननीय सभापति**:** आपकी डिमांड क्या है?

श्री योगेन्द्र चांदोलिया**:** सर, मैं वही बोल रहा हूं । कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे से रोहिणी तक सीधा रोड एलिवेटेड फ्लाईओवर बनाकर कनेक्ट करने से लोगों के समय और ईंधन की बहुत बचत होगी और लोग कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे से सीधा रोहिणी, दिल्ली पहुंच सकेंगे तथा कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे पर चढ़ने में भी आसानी होगी, आवागमन आसान होगा और लोगों को सुविधा होगी । मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रैस-वे से रोहिणी हेलीपेड हेतु सीधा रोड या एलिवेटेड रोड या फ्लाईओवर बनाकर लोगों को सुविधा दी जाए ।